डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

प्रवीण कुमार
प्रबन्ध निदेशक
Praveen Kumar
Managing Director

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.
A Government of India (Ministry of Railways) Enterprise

दिनांक: 25.06.2025

**प्रिय साथियों एवं मित्रों,**

मैं आज के इस अवसर पर आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं कि आपने ग्लोबल हैवी हॉल सेमिनार, 2025 को असाधारण रूप से सफल बनाया है।

20-21 जून, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित यह सेमिनार हेवी हॉल परिवहन क्षेत्र की कुछ श्रेष्ठतम प्रतिभाओं को एक साथ लाने में सफल रहा। डीएफसीसीआईएल के लिए यह अत्यंत सम्मान की बात है कि हमने विचारों और विशेषज्ञता के इस संगम को संभव बनाया। हमारा मिशन केवल विश्वस्तरीय मालवाहक कॉरिडोर का निर्माण करना ही नहीं है – हम अपने क्षेत्र में सीखने और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने वाले मंचों के निर्माण के लिए भी पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

सेमिनार में इंटरनेशनल हेवी हॉल एसोसिएशन, मोनाश विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों और वैश्विक रेलवे उद्योग के तकनीकी विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही। इस सेमिनार को पूर्णत: सफल बनाने में इनका योगदान उल्लेखनीय रहा। अद्भुत वक्ताओं और पैनलिस्टों ने अपनी गहरी समझ और विशेषज्ञता को खुलकर साझा किया। मुझे पूरा विश्वास है कि इन दो दिनों में हुई चर्चाएं सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि आने वाले वर्षों तक में हमारे उद्योग को आगे ले जाने में योगदान करेंगी।

यह सेमिनार वास्तव में एक सामूहिक प्रयास था, और इसकी सफलता हमारे प्रायोजकों और भागीदारों के उदार समर्थन के बिना संभव नहीं हो सकती थी। मैं विशेष रूप से सेशन मॉडरेटर्स के रूप में हमारे सलाहकारों की सक्रिय रूप से भागीदारी और मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ। मैं रेल मंत्रालय को उनके दृष्टिकोण, दिशा और अपार समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। ज़ोनल रेलवे, RDSO, रेलवे पीएसयू और रेलवे बोर्ड के प्रतिभागियों ने सत्र को समृद्ध किया।

मैं डीएफसीसीआईएल की आयोजन टीम के असाधारण योगदान का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा, जिनकी प्रतिबद्धता और पेशेवर दक्षता इस सेमिनार को सफल बनाने की आधार बनी। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर लॉजिस्टिक्स की हर बारीकी को सुचारू रूप से संभालने तक, उनके दृष्टिकोण और परिश्रम ने संगठनात्मक उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानकों को दर्शाया। प्रशासन, आईटी, सुरक्षा, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, कॉर्पोरेट समन्वय से लेकर एचएचआई तक – सभी विभागों ने एकजुट होकर समन्वय के साथ कार्य किया और इस सेमिनार को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

जिस बात पर मुझे विशेष गर्व है, वह यह है कि हमारी टीम ने डीएफसीसीआईएल के उत्कृष्टता और समर्पण के मूल्यों को वास्तव में आत्मसात किया। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से कहीं बढ़कर कार्य किया। लंबे समय तक, सप्ताहांतों पर भी बिना रुके काम किया और पूरे समय उच्चतम स्तर की व्यावसायिकता और उत्साह को बनाए रखा। उनके प्रयासों से ही हमारे माननीय अतिथियों को स्वागतयोग्य सुखद वातावरण मिला और सभी तकनीकी सत्र बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

मैं डीएफसीसीआईएल के उन सभी सहयोगियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। इस उल्लेखनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए एक बार फिर आप सभी का धन्यवाद।

सप्रेम व सादर आभार सहित,

प्रवीण कुमार

**(प्रवीण कुमार)**